बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निगमित संप्रेषण और निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
फोन -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक : 17 अक्तूबर, 2022**

# 30 सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही व छमाही के लिए वित्तीय परिणाम

## परिणाम एक दृष्टि में

## 30 सितंबर 2021 को समाप्त तिमाही की तुलना में 30 सितंबर 22 को समाप्त तिमाही

- **कुल व्यवसाय 15.92% की वृद्धि के साथ ₹344,065 करोड़**
- **कुल जमाराशियां 7.86% से बढ़कर ₹195,849 करोड़**
- **कासा में 12.58% की बढ़ोत्तरी**
- **ऋण - जमा (सीडी) अनुपात सुधरकर 75.68%**
- **सकल अग्रिम 28.62% की वृद्धि के साथ ₹148,216 करोड़**
- **30.09.2022 को सकल एनपीए घटकर 3.40%**
- **30.09.2022 को निवल एनपीए घटकर 0.68%**
- **प्रावधान कवरेज अनुपात सुधरकर 96.06%**
- **परिचालन लाभ 4.43% (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) और 21.64% (तिमाही-दर-तिमाही आधार पर) बढ़कर ₹1,462 करोड़**
- **30.09.2022 को निवल लाभ 102.93% से बढ़कर ₹535 करोड़**
- **निवल ब्याज आय 25.84% (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) और 11.94% (तिमाही-दर-तिमाही आधार पर) बढ़कर ₹1,887 करोड़**
- **30.09.2022 को निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सुधरकर 3.55%**
- **लागत से आय अनुपात सुधरकर 38.82%**
- **वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए आस्तियों पर आय (आरओए) सुधरकर 0.92%**
- **सीआरएआर सुधरकर 16.71% रहा, जिसमें टियर-I यह 12.89% है।**
- **इक्विटी पर आय (आरओई) सुधरकर 18.32%**

**लाभप्रदता (30 सितंबर, 2022 को समाप्त तिमाही)**

- निवल लाभ वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के ₹264 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 102.93% बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में ₹535 करोड़ हो गया। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 18.40% की वृद्धि हुई।

- परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के ₹1,400 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 4.43% की वृद्धि दर्शाते हुए वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए ₹1,462 करोड़ रहा।

- निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के ₹1,500 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 25.84% बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में ₹1,887 करोड़ हो गई। तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक आधार पर इसमें 11.94% की वृद्धि हुई।

- निवल राजस्व (निवल ब्याज आय + अन्य आय) वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के ₹2,331 करोड़ की तुलना में 2.48% बढ़कर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए ₹2,389 करोड़ रहा।

- लागत से आय अनुपात वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 39.96% की तुलना में सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए 38.82% रहा। 30.06.2022 को समाप्त तिमाही के लिए यह 39.99% था।

- आस्तियों पर आय (आरओए) वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 0.53% और वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के 0.81% से सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए 0.92% हो गई।

- इक्विटी पर आय (आरओई) भी वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के 11.45% और वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के 16.75% से सुधरकर वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए 18.32% हो गई।

**लाभप्रदता (30 सितंबर, 2022 को समाप्त छमाही)**

- निवल लाभ वित्तीय वर्ष 22 की छमाही के ₹472 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर वित्तीय वर्ष 23 की छमाही के लिए 109.24% बढ़कर ₹987 करोड़ हो गया।

- परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 22 की छमाही के ₹2,506 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 6.27% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 23 की छमाही के लिए ₹2,664 करोड़ रहा।

- निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्तीय वर्ष 22 की छमाही के ₹2,905 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22.97% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 23 की छमाही के लिए ₹3,573 करोड़ रही।

- वित्तीय वर्ष 23 की छमाही के लिए शुल्क आधारित आय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 5.66 % की वृद्धि के साथ ₹587 करोड़ रही।

- लागत पर आय अनुपात वित्तीय वर्ष 22 की छमाही के 43.35% की तुलना में वित्तीय वर्ष 23 की छमाही के लिए सुधरकर 39.35% रहा।

- आस्तियों पर आय (आरओए) वित्तीय वर्ष 22 की छमाही के 0.47% की तुलना में वित्तीय वर्ष 23 की छमाही के लिए सुधरकर 0.87% रही।

- ईक्विटी पर आय (आरओई) भी वित्तीय वर्ष 22 की छमाही के लिए 10.43% की तुलना में वित्तीय वर्ष 23 की छमाही के लिए सुधरकर 16.90 % रही।

**आस्तियां एवं देयताएं**

- कुल व्यवसाय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 15.92 % की वृद्धि के साथ ₹ 344,065 करोड़ रहा।

- कुल जमाराशियां वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 7.86% की वृद्धि के

साथ ₹195,849 करोड़ रहीं।

- सकल अग्रिम वित्तीय वर्ष 22 की दूसरी तिमाही के ₹ 115,236 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 28.62 % की वृद्धि के साथ ₹148,216 करोड़ रहे।

- निवल अग्रिम वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 30.20 % की वृद्धि के साथ ₹144,163 करोड़ रहे।

- आरएएम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) व्यवसाय में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22.31 % की वृद्धि हुई। रिटेल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 26.60% की बढ़ोत्तरी के साथ ₹38,590 करोड़ रहे। एमएसएमई अग्रिम वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24.58% की वृद्धि के साथ ₹28,647 करोड़ रहे।

**पूंजी पर्याप्तता :**

- वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही के लिए 12.89% के कॉमन इक्विटी टीयर I अनुपात के साथ कुल बेसल III पूंजी पर्याप्तता अनुपात सुधरकर 16.71% रहा।

- बैंक ने 8 सितंबर 2022 को ₹710 करोड़ के एटी-1 बॉण्ड्स जुटाए।

**आस्ति गुणवत्ता** :

- सकल एनपीए 30.09.2021 के 5.56% की तुलना में 30.09.2022 को घटकर 3.40% रहे। यह 30.06.2022 को 3.74% थे।

- निवल एनपीए 30.09.2021 के 1.73% की तुलना में 30.09.2022 को घटकर 0.68 % रहे। 30.06.2022 को यह 0.88 % थे।

- प्रावधान कवरेज अनुपात 30.09.2021 के 92.38% की तुलना में 30.09.2022 को सुधरकर 96.06% रहा। 30.06.2022 को यह 95.04 % था।

- बैंक के पास 30 सितंबर 2022 के अनुसार ₹1200 करोड़ का संचयी कोविड-19 प्रावधान है।

**लाभप्रदता**

**(₹ करोड़ में)**

| विवरण | को समाप्त तिमाही | | | परिवर्तन (%) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | सितंबर 21 | जून 22 | सितंबर 22 | तिमाही-दर-तिमाही | वर्ष-दर-वर्ष |
| कुल आय | 4,039 | 3,774 | 4,317 | 14.39 | 6.89 |
| कुल व्यय | 2,639 | 2,573 | 2,855 | 11.00 | 8.19 |
| परिचालन लाभ | 1,400 | 1,202 | 1,462 | 21.64 | 4.43 |
| कर के अतिरिक्त प्रावधान और | 938 | 548 | 579 | 5.63 | (38.22) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आकस्मिकताएं | | | | | |
| कर पूर्व लाभ | 462 | 653 | 883 | 35.09 | 90.98 |
| कर व्यय | 198 | 201 | 348 | 72.52 | 75.10 |
| निवल लाभ | 264 | 452 | 535 | 18.40 | 102.93 |

**शीर्ष व्यवसाय** (₹ करोड़ में)

| विवरण | को | | वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|
| | सितंबर 21 | सितंबर 22 | वर्ष-दर-वर्ष |
| कुल व्यवसाय | 296,808 | 344,065 | 15.92 |
| जमाराशियां | 181,572 | 195,849 | 7.86 |
| जिनमें से कासा | *97,889* | *110,205* | 12.58 |
| कुल जमाराशियों में कासा अंश (%) | *53.91* | *56.27* | |
| सकल अग्रिम | 115,236 | 148,216 | 28.62 |

**तुलन पत्र** (₹ करोड़ में)

| दायित्व | को | | |
|---|---|---|---|
| | सितंबर 21 | सितंबर 22 | मार्च 22 |
| पूंजी | 6,731 | 6,731 | 6,731 |
| आरक्षितियां व अधिशेष | 6,278 | 8,141 | 7,154 |
| जमाराशियां | 181,572 | 195,849 | 202,294 |
| उधारियां | 7,873 | 22,911 | 7,747 |
| अन्य दायित्व व प्रावधान | 5,668 | 5,377 | 6,685 |
| कुल | **208,122** | **239,009** | **230,611** |
| **आस्तियां** | | | |
| भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकद व शेष | 13,838 | 14,483 | 19,722 |
| अल्प सूचना व मांग पर राशि तथा बैंकों के पास शेष | 53 | 29 | 194 |
| निवेश | 71,774 | 70,184 | 68,590 |
| अग्रिम (निवल) | 110,728 | 144,163 | 131,170 |
| स्थिर आस्तियां | 1,621 | 2,194 | 2,242 |
| अन्य आस्तियां | 10,107 | 7,955 | 8,693 |
| कुल | **208,122** | **239,009** | **230,611** |

निवेशकों के लिए एक प्रस्तुतिकरण बैंक की बेवसाइट www.bankofmaharashtra.in पर अलग से दिया जा रहा है।